खबर संक्षेप

## जूना मण्डला से पहुंच मार्ग की मांग



**मण्डला।** जनपद मण्डला की ग्राम पंचायत पटपरा रैयत का पोषक ग्राम है जूना मण्डला। इस गांव की एक ऐतिहासिक पहचान है और नर्मदा परिक्रमा पथ पर यह ग्राम विशेष मायने रखता है। दुर्भाग्य की बात यह कि इस ग्राम से ग्राम पंचायत पटपरा रैयत को जोड़ने वाली सड़क की मांग वर्षो से यहां के लोग करते आ रहे हैं लेकिन आज दिनांक तक इस मांग पर कोई ध्यान नहीं दिया गया इसके साथ ही नर्मदा पथ पर वृक्षारोपण का कार्यक्रम बारिश के समय तो किया गया लेकिन परिक्रमावासियों के रूकने के लिये आज भी मंगल भवन निर्माण की मांग अधूरी पड़ी हुई है। सड़क के न होने से ग्रामवासी तो परेशान होते ही हैं रोजाना इस ग्राम के बहुत से बच्चे पढ़ने के लिये पटपरा रैयत स्कूल जाते हैं जिन्हें रोजाना दिक्कतों का सामना करना पड़ता है बरसात के समय तो इस सड़क से आना-जाना ही बंद हो जाता है लगभग 6 से 8 किलोमीटर घूमकर ग्राम पंचायत के कार्यालय पहुंचना पड़ता है। राशन दुकान भी पटपरा रैयत ग्राम में है जूना मण्डला के कार्डधारी राशन के लिये पटपरा रैयत जाते हैं समझा जा सकता है कि सड़क के न होने से इन ग्रामवासियों को वर्षो से कितनी समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

### सिंधी प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ समापन

# रोमांचक मुकाबले में वननेस टीम बनी चैंपियन





*** चिराग बने मैन ऑफ द सीरीज।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

नगर में आयोजित सिंधी प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता ने लोगों का दिल जीत लिया। श्री झूलेलाल क्रिकेट काउंसिल के द्वारा पौड़ी महाराजपुर के खेल परिसर में सिंधी समाज के युवाओं के द्वारा एक पहल की गई,जिसमें रात्रि कालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया,12 टीमों की सहभागिता में नन्हे बच्चों से लेकर बड़ी उम्र तक के सामाजिक जनों ने क्रिकेट में अपना जौहर दिखाया, मैचों की इस सीरीज में बेहतर प्रदर्शन करने वाली टीम फाइनल पहुंची।

फाइनल मैच वननेस टीम एवं सुभाष वार्ड स्ट्राइकर्स टीम के बीच खेला गया। जिसमें सुभाष वार्ड स्ट्राइकर्स ने टॉस जीतते हुए पहले बॉलिंग का फैसला किया।दोनों टीमों के लिए दस दस ओवर निर्धारित किए गए। वननेस टीम ने पहले शानदार बैटिंग करते हुए 10 ओवर में तीन विकेट पर 63 रन बनाए। इसके बाद सुभाष वार्ड स्ट्राइकर्स टीम रनों को चैस करते हुए 10 ओवर में छह विकेट पर 54 रन ही बना सकी। फाइनल मैच वननेस टीम ने 9 रन से अपने नाम किया और सिंधी प्रीमियर लीग की चैंपियन बनी।

इससे पहले मैच की शुरुआत सभी सदस्यों के द्वारा भगवान झूलेलाल की आरती आराधना से की गई। राष्ट्रगान के साथ भारत माता के जयकारे लगाए। सभी खिलाड़ियों ने खेल भावना का परिचय दिया गया।इस अवसर पर पूज्य सिंधी पंचायत के सदस्य,सिंधु नवयुवक मंडल के सदस्य एवं बड़ी संख्या में पुरुष, महिलाएं एवं बच्चे मौजूद रहे। मैन ऑफ द मैच खिलाड़ी आलोक फागवानी को सम्मानित किया गया। सीरीज में बेस्ट बैट्समैन दक्ष जेठमलानी, बेस्ट बॉलर मोन्टी गिदवानी, बेस्ट फील्डर तुषार सामतानी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सीरीज में नन्हे खिलाड़ियों के बेहतर प्रदर्शन के कारण मां नर्मदा सिंधु सेवा समिति के द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। पूज्य सिंधी पंचायत अध्यक्ष पारस असरानी एवं आयोजक सदस्य मनोज फागवानी ने युवाओं के उत्साहवर्धन के लिए प्रेरणादायी उदबोधन दिया।

वननेस टीम को विजेता कप के साथ सम्मानित किया गया, इसके साथ ही विजेता टीम को 21 हजार रूपए का पुरस्कार दिया गया। उपविजेता सुभाष वार्ड स्ट्राइकर्स को उपविजेता कप के साथ सम्मानित किया गया, उपविजेता टीम को 11 हजार रुपए का पुरस्कार दिया गया।मैचों की श्रृंखला में बेहतर प्रदर्शन के कारण चिराग रहदवानी को मैन ऑफ द सीरीज का खिताब दिया गया,समाज के युवाओं की इस पहल की सभी जगह सराहना हुई, सिंधी प्रीमियर लीग के आयोजक सदस्यों को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया और उनका उत्साहवर्धन किया गया। क्रिकेट प्रतियोगिता के बेहतर संपादन में सभी सहयोगियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।



## नैनपुर प्रशासन की सख्त कार्रवाई, अवैध गतिविधियों पर नकेल



*** होटल संचालकों को 15 दिनों का अल्टीमेटम।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

नैनपुर क्षेत्र के होटलों और लॉजों में अनैतिक गतिविधियों, जुआ और आत्महत्या जैसी गंभीर घटनाओं की शिकायतों को संज्ञान में लेते हुए प्रशासन और पुलिस विभाग अब सख्त रुख अपना रहा है। हाल ही में की गई संयुक्त कार्रवाई के तहत कई संदिग्ध होटलों को सील कर दिया गया है।

### होटल एवं लॉज संचालकों की अहम बैठक एवं विधिक दिशा-निर्देश

एस.डी.एम. नैनपुर आशुतोष ठाकुर एवं एस.डी.ओ.पी. नैनपुर मनीष राज के नेतृत्व में पुलिस थाना परिसर में क्षेत्र के समस्त होटल एवं लॉज संचालकों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशासन ने स्पष्ट किया कि नियमों की अनदेखी करने वाले संस्थानों को बख्शा नहीं जाएगा। बैठक के दौरान संचालकों को अधिनियमों और प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गई। जिसमें सराय अधिनियम 1867, होटल एकॉमोडेशन एक्ट 1961, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 एवं स्थानीय निकायों द्वारा प्रशासित नियम एवं सुरक्षा मानक, प्रशासन द्वारा सभी संचालकों को कड़े लहजे में व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। होटल का विधिवत रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है। प्रत्येक आगंतुक का अनिवार्य रूप से आगंतुक पंजी में जानकारी संधारण और आधिकारिक पहचान पत्रों का उचित संधारण। परिसर में उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरों की स्थापना। फायर एनओसी और स्वास्थ्य एवं स्वच्छता मानकों का कड़ाई से पालन। कर्मचारियों के लिए निर्धारित श्रम कानूनों का अनुसरण। प्रशासन ने सभी आवश्यक सुधार और वैधानिक कार्रवाइयां पूर्ण करने के लिए 15 दिनों का समय दिया है। निर्धारित समय सीमा के भीतर निर्देशों का पालन न करने वाले होटल और लॉज संचालकों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई और संस्थान को स्थायी रूप से बंद करने की चेतावनी दी गई है।

## जादू टोने के शक में महिला की हत्या



**भुआबिछिया।** बिछिया थाना अंतर्गत ग्राम सहजपुरी में एक बैगा महिला की जादू टोना के शक में धारदार हथियार से हत्या होने का मामला सामने आया है बनाया जाता हैं कि सुबह करीबन 7:00 बजे एक युवक के द्वारा धारदार कुल्हाड़ी से एक बैगा महिला फूलकली बाई को उसकी गर्दन में हमला कर उसे घायल कर दीया वहीं आसपास ग्रामीण महिला कुएं से पानी भर रही थी तभी बैगा महिला की आवाज सुनकर महिलाये भाग कर घायल फूलकली बाई के पास गई तभी आरोपी युवक महिलाओं की भीड़ को देखकर घटनास्थल से फरार हो गया वहीं घटना की जानकारी लगते ही डायल 112 घटनास्थल पर पहुंची एवं थाना प्रभारी बिछिया के द्वारा टीम को तुरंत घटनास्थल पर रवाना किया जहां पुलिस की टीम द्वारा घायल महिला को डायल 112 की मदद से महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिछिया भेजा गया जहा चिकित्सक के द्वारा महिला को मृत घोषित कर दिया गया पुलिस प्रकरण की जांच पर जुट गई है फरार आरोपी की तलाश जारी है।

## हाईस्कूल के शिक्षक मंगल दास टाडिया का विदाई सम्मान समारोह शाला प्रांगण में हुआ सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला/भुआबिछिया



31 जनवरी को मंडला जिले के एकीकृत हाई स्कूल खलौड़ी बिछिया में पदस्थ शिक्षक मंगल दास टांडिया का विदाई सह सम्मान समारोह कार्यक्रम संजय कुशराम, डॉक्टर विजय आनंद मरावी, जनपद सदस्य सविता उइके, विकासखंड शिक्षा अधिकारी आतमजीत सिंह अहलूवालिया, वरिष्ठ शिक्षक सेवानिवृत संतोष मिश्रा राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त सेवा निवृत शिक्षक रोहाणी प्रसाद शुक्ला पत्रकार सुनील गर्ग, प्रफुल्ल तिवारी, उत्तम अग्रवाल ग्राम पंचायत की सरपंच चंद्र वती आमों, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक मरावी, शाला में पदस्थ सभी पूर्व शिक्षकों व जन शिक्षा केन्द्र खलौड़ी के अंतर्गत पदस्थ शिक्षकों की गरिमामई उपस्थिति में ओर श्री टांडिया के पारिवारिक सदस्यों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत में उपस्थित अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के पूजन अर्चन से प्रारम्भ हुई। पूजन अर्चन के बाद माँ सरस्वती की वंदना के बाद श्री टांडिया का स्वागत उपस्थित शिक्षकों, जन समुदाय द्वारा किया गया, वही उपस्थित अतिथियों का स्वागत जन शिक्षा केन्द्र के शिक्षकों द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में विद्यालय के छोटे छोटे बच्चों द्वारा टांडिया के सम्मान में स्वागत गीत पर नृत्य किया जिसे उपस्थित लोगों द्वारा सराहा गया। शिक्षक मुकेश राजपूत ने भी श्री टांडिया का स्वागत, गीत के माध्यम से किया। इस अवसर पर विदाई समारोह में बिछिया नगर सहित आस पास ग्रामों से बड़ी संख्या में ग्राम वासी पहुंचे वहीं विकासखंड शिक्षा अधिकारी आत्मजीत सिंह अहलूवालिया ने स्वागतोपरांत स्वरचित कविता ओर शायरी से सभी को संबोधित किया नगर के बलराम पूरी गोस्वामी ने सेवा निवृत शिक्षक मंगल दास के जीवन पर प्रकाश डाला, श्री टांडिया एक योग्य शिक्षक के साथ साथ नगर में सामाजिक सांस्कृतिक खेल प्रतिभाओं रामलीला मंचन के संचालक कलाकार थे जो रावण दशरथ जनक मेघनाथ जैसे अनेक पात्र की भूमिका निभाई है।

## निराशाजनक और खाली डिब्बा जैसा बजट



**मण्डला।** संसद में आज पेश हुए केंद्रीय बजट को लेकर बिछिया विधायक नारायण सिंह पट्टा ने कहा कि यह बजट निराशाजनक और खाली डिब्बा जैसा बजट है, जिसमें आवाज ज्यादा और सामान कुछ भी नहीं। बजट का असर कुछ ऐसा रहा कि शेयर मार्केट तक धड़ाम से गिर गया। किसान महिलाएं युवा सभी के लिए एक झटके जैसा है यह बजट। मनरेगा को लेकर बड़ी बड़ी बातें पिछले सत्र में की गईं थीं नाम भी बदल दिया गया लेकिन मनरेगा के बजट का जिक्र तक नहीं किया गया। गाँव गरीब किसान के लिए यह बजट जीरो बजट है। युवाओं के लिए रोजगार का कोई प्रावधान नहीं है। इस बजट में न आम जनता का ज़िक्र है न फ़िक्र। महंगाई बेतहाशा बढ़ने पर भी इस बजट में जनता को टैक्स में छूट न देना, 'टैक्स-शोषण' है। अमीरों के काम-कारोबार और घूमने-फिरने पर दस तरह की छूटें दी गईं हैं लेकिन बेकारी-बेरोज़गारी से जूझ रहे लोगों की उम्मीदों की थाली, खाली है। मध्यम वर्ग अपने को ठगा महसूस कर रहा है। शोषित, वंचित, ग़रीब व्यक्ति जहाँ था उससे भी नीचे जाता दिख रहा है। इस बजट ने उसके चादर में पैबंद लगाने की जगह, उसे और चिथड़ा कर दिया है क्योंकि सामाजिक सुरक्षा शाब्दिक औपचारिकता तक सीमित होकर रह गयी है। किसान, मज़दूर, श्रमिक, कारोबारी, छोटा दुकानदार अपने लिए मिली राहत को दूरबीन लेकर भी ढूँढ नहीं पा रहा है। कुल मिलाकर बजट ने जितना निराश किया है उससे ज्यादा जनता में इसके प्रति आक्रोश है। यह जनभावनाओं के विपरीत सरकार की विफलताओं का बजट है निराशाजनक, निंदनीय बजट।

## केन्द्र का जनकल्याणकारी बजट विकसित भारत की दिशा में मजबूत कदम



हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

आज देश की यशस्वी वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने संसद में लगातार नौवीं बार केंद्रीय बजट प्रस्तुत किया। इस अवसर पर बजट का सीधा प्रसारण सामूहिक रूप से आयोजित किया गया, जिसमें प्रदेश की कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उईके, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा, सहित पार्टी के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उईके ने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2026-27 'विकसित भारत' के संकल्प को नई गति देने वाला ऐतिहासिक बजट है।

यह बजट गरीब, किसान, महिला और युवा सहित समाज के प्रत्येक वर्ग के सर्वांगीण सशक्तिकरण का स्पष्ट रोडमैप प्रस्तुत करता है। आत्मनिर्भर और विकसित भारत का विचार इस बजट में केवल शब्दों तक सीमित नहीं है, बल्कि ठोस नीतियों और व्यावहारिक योजनाओं के माध्यम से उसे साकार करने का संकल्प स्पष्ट रूप से दिखाई देता है।

बजट 2026-27 में मैन्युफैक्चरिंग, इंफ्रास्ट्रक्चर, स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यटन, ग्रामीण विकास, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, खेल और तीर्थाटन जैसे विविध क्षेत्रों को समान रूप से प्राथमिकता दी गई है। यह बजट देश के हर गांव, कस्बे और शहर में रहने वाले युवाओं, महिलाओं और किसानों के सपनों को मजबूती देने वाला है तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ठोस अवसर प्रदान करता है।

किसानों की आय बढ़ाने के लिए पशुधन आधारित अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का दूरदर्शी निर्णय लिया गया है। पशु चिकित्सकों की संख्या में वृद्धि, वेटरनरी और प्रशिक्षण केंद्रों का विस्तार, डेयरी एवं पोल्ट्री क्षेत्र के लिए क्रेडिट लिंक्ड सब्सिडी तथा 500 सरोवरों के विकास से मत्स्य पालन को बढ़ावा जैसे कदम किसानों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करेंगे। साथ ही, वैश्विक बाजारों तक पहुंच सुनिश्चित कर कृषि को लाभ का व्यवसाय बनाने की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता स्पष्ट होती है।

महात्मा गांधी जी के ग्राम स्वराज के स्वप्न को साकार करने हेतु 'महात्मा गांधी ग्राम स्वराज योजना' की शुरुआत ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा देगी। इससे बुनकरों, किसानों और हथकरघा उद्योग को नया संबल मिलेगा और ग्रामीण भारत आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से आगे बढ़ेगा। तटीय क्षेत्रों में कोकोनट प्रमोशन स्कीम से करोड़ों किसानों को लाभ, काजू-कोको उत्पादन एवं निर्यात को बढ़ावा तथा चंदन संरक्षण जैसे निर्णय कृषि और पर्यावरण दोनों के प्रति संतुलित दृष्टिकोण को दर्शाते हैं।

2047 तक विकसित भारत के निर्माण के लक्ष्य और अगले 25 वर्षों के स्पष्ट रोडमैप के साथ यह बजट समावेशी विकास का सशक्त आधार है। इस दूरदर्शी और जनकल्याणकारी बजट के लिए प्रधानमंत्री एवं वित्त मंत्री जी का प्रत्येक भारतवासी की ओर से हार्दिक अभिनंदन।

**शैक्षणिक मेला** | **विभिन्न पाठ्यक्रमों, करियर और नौकरी के अवसरों के बारे में जानकारी प्राप्त की।**

# स्कूल छात्रों के लिए करियर के खोले नए द्वार





*** ब्रेन चाइल्ड एकेडमी ने एक भव्य शैक्षणिक मेले का किया आयोजन।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

मंडला में पहली बार ब्रेन चाइल्ड एकेडमी ने एक भव्य शैक्षणिक मेला का आयोजन किया, जिसका उद्देश्य कक्षा 10वीं, 11वीं और 12वीं के छात्रों को विभिन्न करियर विकल्पों और उच्च शिक्षा के नवीनतम कोर्सेज और अवसरों के बारे में जानकारी प्रदान करना था।

इस शैक्षणिक मेले में छात्रों को प्रतिष्ठित कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में पढ़ाए जाने वाले विभिन्न अंडरग्रेजुएट और पोस्टग्रेजुएट कार्यक्रमों के बारे में सटीक और समय पर जानकारी प्रदान की गई। शैक्षणिक मेले के मुख्य उद्देश्य था छात्रों को परिपक्व निर्णय लेने में मदद करना और उनकी रुचियों, योग्यताओं और करियर की आकांक्षाओं के अनुसार विकल्प चुनने में सहायता करना।

इस मेले में मंगलयातन विश्वविद्यालय, IILM विश्वविद्यालय दिल्ली, पारुल विश्वविद्यालय वडोदरा, जगरण लेकसिटी विश्वविद्यालय भोपाल, ज्ञान गंगा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी जबलपुर, सेंट एलॉयसियस इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, महिंद्रा विश्वविद्यालय हैदराबाद जैसी प्रतिष्ठित संस्थानों ने भाग लिया।

छात्रों ने इन संस्थानों के प्रतिनिधियों से व्यक्तिगत सत्र में विभिन्न पाठ्यक्रमों, करियर और नौकरी के अवसरों के बारे में जानकारी प्राप्त की।

इस अवसर पर ब्रेन चाईल्ड एकेडमी के निदेशक निशांत शुक्ला और प्रिंसिपल डॉक्टर दिव्या शुक्ला ने छात्रों को संबोधित किया और उन्हें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। सीनियर कोऑर्डिनेटर सोनिया जैन और राजुल सिंहानी ने इस आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

शिक्षक और अन्य स्टाफ ने भी इस आयोजन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। छात्रों ने इस मेले से बहुत कुछ सीखा और उन्हें अपने भविष्य के बारे में निर्णय लेने में मदद मिली।

# माघी पूर्णिमा के चलते क्षेत्र नर्मदा तटों पर उमड़ा भक्तों का जन सैलाब

## शहर से लेकर क्षेत्र की सड़को पर रात भर पैदल स्नान करने जाने वालों की उमड़ते हुये देखी भीड़, भक्तों ने आस्था की डुबकी लगाते हुये किया पूजन अर्चन ..

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

सदा ही क्षेत्रवासियों को अपना आर्शीवाद प्रधान करते हुये खुशहाल बनाने वाली माँ नर्मदाजी के भक्तों द्वारा वैसे तो हर पूर्णिमा को आस्था की डुबकी लगाने के लिये लोग माँ नर्मदा तटों पर पहुंचते है। मगर जिस तरह बीते हुये रविवार यानि की माघी पूर्णिमा के मौके पर माँ नर्मदा भक्तों के बीच आस्था को जुनून देखने मिला है। वह निश्चित तौर से अनोखा था। क्योंकि हल्की ठंड के चलते जहां लोगों का अपने घरों से निकलने में आनंद की अनुभूति महसूस होते हुये देखे जा रहे थे। जिसके चलते हजारों की संख्या में माँ रेवा मैया के भक्त इस तरह देखे जा रहे थे कि उनके दिलों में पैदा हुई माँ नर्मदाजी की भक्ति की भावना को उल्लास भरने के चलते माँ नर्मदा के लिये पैदल जाने वाले भक्तों की नगर की सड़को पर रात भर लाईन लगी हुई देखी गई। रात के समय इस तरह पैदल नर्मदाजी के स्नान करने जाने वाले लोगों में सिर्फ पुरूष ही नही बल्कि इस तरह छोटे छोटे बच्चे भी शामिल थें जो गाडरवारा शहर के साथ यहां से लगभग 20-25 किलो मीटर दूर से पैदल चलकर माँ नर्मदाजी के स्नान करने के लिये ककरा घाट जा रहे थें। इस तरह शहर के बीचों बीच से निकल रहे माँ के भक्तों को पलोनटन गंज शक्तिधाम माता मंदिर के पास व पानी टंकी के पास नगर के लोगों द्वारा तो पलोहा नाका के समीप शास्त्री वार्ड में सुनील राजपूत द्वारा चाय नास्ता के साथ सभी पैदल जा रहे भक्तों का स्वागत किया गया। इस संबंध में ग्राम मोहपानी निवासी माँ नर्मदा भक्त महिला ने चर्चा करते हुये बताया कि वह हर पूर्णिमा को पैदल चलकर नर्मदाजी के स्नान करने के लिये जाती है। इस तरह हम अपने घर से दोपहर दो बजे के लगभग पैदल निकलते है और शाम 7-8 बजे गाडरवारा पहुंच जाते है और रात भर पैदल चलते हुये सुबह 5 बजे माँ नर्मदाजी के ककरा घाट पहुंचकर स्नान करते हुये पूजन अर्चन करते है। हमे कभी भी न तो कोई थकान होती है और न ही कोई परेशानी। इसी प्रकार से ग्राम गोटीटोरियाँ निवासी एक 14 वार्षिय बालिका का कहना था कि हम अपने माता पिता सहित गांव के अन्य लोगों के साथ माँ नर्मदाजी के स्नान करने के लिये पैदल जाते है और इस तरह पूर्णिमा के मौके पर अनेको बार जा चुके है। मगर कभी कोई परेशानी नही हुई है। इसी प्रकार से जब









वह शनिवार की शाम हल्की ठंड के बीच नर्मदाजी के स्नानों के लिये पैदल जा रही थी तो नगर की पानी टंकी के पास समाजसेवियों द्वारा हर पूर्णिमा पर नर्मदा भक्तों के लिये चाय पिलाने के लिये की जाने वाली व्यवस्था के दौरान चाय पीने के लिये बैठे हुये नर्मदा भक्तों से चर्चा की गई तो उनका कहना था कि भले ही आज हल्की ठंड जरूर है। मगर हम माँ नर्मदाजी के स्नान करने के लिये पैदल जाने का क्रम नही छोड़ सकते है। जब हम पैदल चलते है तो न ठंड लगती है और न ही कोई परेशानी होती है। क्योंकि इस धरती पर हर व्यक्ति की रक्षा करने वाले माँ नर्मदा ही है जब जिस माँ की पूजन अर्चन करने के लिये हम ला रहे है तो फिर वह माँ अपने बेटों को यदि कोई परेशानी होगी तो खुद ही उसे चंद मिनिटों में हरण करने से नही चूकेगी। इस तरह से ग्राम बारहाबड़ा से पैदल नर्मदा स्नान करने के लिये जा रही एक वृद्व लगभग 65 वार्षिय महिला से चर्चा की गई तो उसका कहना था कि यह पहला अवसर नही है कि जब हम माँ नर्मदाजी के स्नान करने के लिये पैदल जा रहे है। हमारे द्वारा हर साल इस तरह पूर्णिमा के मौके पर तीन चार बार पैदल जाते है। जब उनसे पूछा गया कि अम्माजी इस तरह आज हल्की ठंड के बीच आपको परेशानी का सामना नही करना पड़ेगा.. तो उनका कहना था कि अब परेशानी तो घर बैठे भी आ सकती है। उसी परेशानी को माँ नर्मदाजी हरण करती है तो फिर जब उनके चरणों का आर्शीवाद लेने के लिये जा रहे है परेशानी कहा से आ सकती है। इस तरह बीते हुये शनिवार की रात नगर की सड़को पर जहां इस तरह हल्की ठंड के बीच हजारों की संख्या में माँ नर्मदा स्नान करने के लिये पैदल जाने वाले भक्तों के जत्थें रात भर निकलते हुये देखे गये तो दूसरी ओर सुबह होते ही क्षेत्र के गांवों में ट्रेक्टर ट्रालियों में सबार होकर भी हजारों लोग माँ नर्मदाजी के स्नान करने के लिये पहुंचे। माघ पूर्णिमा के मौके पर नर्मदा तटों पर उमड़े हुये हुजूम के चलते मेला जैसा दृश्य दिखाई पड़ने से नही चूक रहा था। इस तरह का हाल क्षेत्र के सिर्फ ककरा घाट का ही नही बल्कि शोकलपुर, झिकोली, थरेरी, कोठिया, घघरौला खुर्द, लिंगा खुर्द, भटेरा घाट सहित अन्य घाटों का भी देखने मिला जहां पर हजारों की संख्या में माँ नर्मदा भक्तों ने नर्मदा तटों पर पहुंचकर आस्था की डुबकी लगाते हुये पूजन अर्चन करते हुये अनेक जगहों पर भगवान सत्य नारायण जी की कथा संपन्न कराई गई तो अनेक लोगों द्वारा भंडारे के आयोजन भी किये गये। इस तरह हर पूर्णिमा के मौके पर क्षेत्र के ककरा घाट सहित अन्य घाटों पर माँ नर्मदाजी के स्नान करने के लिये पैदल जाने वाले भक्तों की भीड़ की लाईने लगी रहती है। मगर इन भक्तों को उस दौरान परेशानियों का सामना करने के लिये मजबूर होना पड़ता है कि भीड़ के बीच से रात रात भर भारी भरकम डम्फरों की धमाचौकड़ी मजी रहती है। पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर क्षेत्र के नर्मदा तटों को पहुंचने वाले मार्गो पर एक रात के लिये इस तरह भारी वाहनो की धमाचौकड़ी पर प्रतिबंध के लिये लगातार भक्तों द्वारा मांग उठाई जाने के बाद भी जिले के जिम्मेदार अधिकारियों से लेकर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों द्वारा नजर अंदाज किये जाने से नम्रदा भक्तों की जिन्दगी को खतरा पैदा होने से नही चूक पा रहा है? क्योंकि गाडरवारा के आलवा क्षेत्र के ग्राम सूखाखैरी, गोटीटोरिया, सिंहपुर, बारहाबड़ा, महगंवा सहित अन्य गांवों से पैदल जाने वाले नर्मदा भक्तों को देखा जाा है कि वह अपनी थकान मिटाने के लिये मुख्य रास्ते पर ही बैठ जाते है और बैठे बैठे बच्चों को नींद आने की स्थिति में वह चंद मिनिटों के लिये रास्तों पर ही सो जाते है। इस स्थिति में पूर्णिमा की रात इन भारी भरकम डम्फरों की धमाचौकड़ी किसी दिन इन माँ नर्मदाजी के भक्तों की जिन्दगी के लिये खतरा पैदा करने से नही चूक पायेगी...?

## खबर संक्षेप

### क्षेत्र की सड़कों पर किसी वाहन का नम्बर तो किसी वाहन के चैंचिस पर दौड़ रहे वाहन, प्रशासन बन अनजान



हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। भले ही पुलिस द्वारा वाहन चैकिंग के नाम पर जहां तहां कार्यवाही करते हुये देखी जा रही है। मगर जो वाहन क्षेत्र की सड़को पर धडल्ले से नियमों को दर किनार करते हुये दौड़ते हुये देखे जा रहे है उनकी अनदेखी पुलिस की कार्य प्रणाली को निश्चित तौर पर संदेह के घेरों में लाने से नही चुक पा रहा है? यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो इस समय नगर के गाडरवारा बारहाबड़ा सहित अन्य मार्गो पर जिस प्रकार से मैजिक गाड़ियो को निमयों की अनदेखी करते हुये दौड़ते हुये देखा जा रहा है। वह आम लोगों की जिन्दगी को खतरे में डालने से नही चूक रही है। क्योंकि इन मैजिक गाडियों को जब सड़को पर ओवर लोडिंग की स्थिति में दौड़ते हुये देखा जाता है तो हाल इस प्रकार से होता है कि जितनी सबारी गाड़ी के अंदर होती है कही उससे अधिक मैजिक गाड़ी पर बैठी हुई दिखाई देने से नही चूकती है। इतना ही नही इन वाहनों द्वारा शायद शासन के नियमों के पालन की सच्चाई पर गौर किया जावे तो इन मार्गो पर सबारी लेकर दौड़ने वाले अनेक वाहनों की सच्चाई तो इस प्रकार से होती है कि किसी वाहन की नम्बर प्लेट होती है और किसी वाहन का चैचिस पर लगाते हुये नये वाहन का निर्माण करते हुये सभी माप दंडों को दर किनार करते हुये अपने स्वार्थ का खेल खेलने में कोई कसर नही छोड़ी जा रही है, इस प्रकार से यातायात निमयों को दर किनार करते हुये दौड़ने वाले इन वाहनों को लेकर जिस प्रकार से पुलिस द्वारा अनदेखी की जा रही है वह निश्चित तौर से किसी दिन कोई बड़ी घटना का कारण बनने से नही चूक सकता है? यदि के अनेक मार्ग पर दौड़ने वाले इन वाहनों की सच्चाई पर गौर किया जावे तो यह वाहन निमयों को दर किनार करते हुये धडल्ले से चीचली व गाडरवारा पुलिस की आंखों के सामने से गुजरते हुये देखे जा रहे है। वही दूसरी ओर अनेक वाहनों की स्थिति तो इस प्रकार से बनी हुई है कि न तो उनके पास सड़क पर दौड़ाने के लिये टैक्स भरा गया है और न ही वाहन का बीमा कराया गया है। इसके बाद भी पुलिस द्वारा जिस प्रकार से इन वाहन मालिकों को आम लोगों की जिन्दगी के साथ खिलबाड़ करने की जो छूट प्रदान की जा रही है। इस सच्चाई से यह अनुमान लगने से नही चूक रहा है कि प्रशासन में बैठे हुये अधिकारी ही किसी दिन कोई बड़ी घटना का इंतजार कर रहे हो? यदि क्षेत्र की सड़को पर चलने वाले इन वाहनों की सूक्ष्मता के साथ जांच कराई जावे तो निश्चित तौर से चौकाने वाली सच्चाई उजागर होने से नही चूक पायेगी ?

### महिला से की मारपीट

गाडरवारा। निरंजन वार्ड निवासी एक महिला द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि वह नगर की एक होटल पर खाना बनाने का काम करती है। बीते हुये रात को जब वह अपना काम पूरा करने के बाद घर जा रही थी। उसी दौरान रास्ते में शंकर नौरिया नामक व्यक्ति मिला और प्रार्थिया का रास्ता रोकते हुये शराब पीने के लिये पैसा मांगे तो महिला द्वारा मना किये जाने की बात को लेकर आरोपी द्वारा धक्का देते हुये जमीन पर गिराते हुये चोटे पहुंचाई वही जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मामला कायम कर जांच में लिया गया है।


# टीआई रजक की टीम ने बाइक चोरी के आरोपियों को पकड़ने में हासिल की सफलता, चीचली पुलिस की उदासीनता हुई उजागर

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। इस समय चीचली थाना क्षेत्र के जिस तरह अवैध शराब के कारोबार के साथ साथ अन्य प्रकार के अवैध गतिविधियाँ संचालित होने की सच्चाई लगातार सोशल मीडिया पर उजागर होने से नही चूक रही है..? सही मायने में देखा जावे तो यहां पर जिस तरह बगैर मुहुर्त के निकला हुआ तारा जहां क्षेत्रवासियों को अशुभ साबित होने के कारण कानून व्यवस्था पटरी से उतरने में कोई कसर नही छोड़ रही है..? हाल यह बना हुआ है कि जहां शराब का अवैध कारोबार गांव गांव स्थापित होते हुये देखा जा रहा है। वही दूसरी ओर पुलिस कर्मियों की कार्य प्रणाली इस तरह से बनी हुई है कि वह आमजन के रक्षक की जगह भक्षक अधिक प्रतीत होते हुये दिखाई देने लगे है। इस तरह के पुलिस कर्मियों को जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा कार्यवाही करने की जगह चुप्पी साधे जाने के चलते अधिकारियों की कार्य प्रणाली भी पुलिस की मनमानी व चीचली क्षेत्र की बिगड़ती हुई कानून व्यवस्था ग्रहण लगाने से नही चूक रही है..? वही दूसरी ओर इस क्षेत्र में निवास करने वाले चोरी के आरोपियों को गाडरवारा टीआई विक्रम रजक की टीम द्वारा चीचली पुलिस की उदासीनता की पोल खोलने में कोई कसर नही छोड़ी गई है..? क्योंकि बीते हुये दिनों गाडरवारा पुलिस द्वारा बाइक चोर गिरोह को पकड़ते हुये उनके पास से चोरी की गई बाइक के कटे हुये पार्टस जप्त किये है वह आरोपी चीचली क्षेत्र के निवासी बताये जाते है। इस तरह गाडरवारा पुलिस थाने के हाथ लगी सफलता का खुलासा बरते हुये पुलिस द्वारा बताया गया है कि यह आरोपी बाइक चोरी करते हुये उनके पार्टस अलग अलग करते हुये कबाड़ दुकानों का विक्रय करते थें। वही वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के साथ साथ चोरी करने वाले आरोपियों को पकड़ने के लिये जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना के द्वारा के निर्देशन में नगर निरीक्षक विक्रम रजक द्वारा अपनी टीम के साथ लगातार धरपकड़ मुहिम चलाई जा रही है। इसी के चलते बीते हुये 29 जनवरी को सुबह करीबन 11 बजे नगर के शासकीय अस्पताल के पास पार्किंग से प्रार्थी उमेश कहार की बजाज






कंपनी की बॉक्सर मोटर साईकिल क्रमांक MP20-KB-4489 चोरी हो जाने की सूचना प्राप्त होने पर पुलिस द्वारा अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया था। आरोपियों की खोजबीन के लिये अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया के मार्ग दर्शन में एक टीम का गठन किया गया था। इस तरह टीआई विक्रम रजक के नेतृत्व में बनाई गई टीम में मुख्य रूप से उप निरीक्षक अर्जुन सिंह बघेल, प्रधान आरक्षक राम गोपाल सिंह राजपूत, आरक्षक रूपेन्द्र चौबे, सुजीत बागरी, शिवम पटैल, दीपक राजूपत को शामिल किया गया था। इस टीम द्वारा अपने मुखबिर तंत्र सक्रिय करने के साथ साथ जहां तहां लगे हुये गुप्त केमरों के माध्यम से एकत्र की गई जानकारी तथा मुखबिर द्वारा मिली सूचना कि कुछ लोग कबाड़ दुकान पर विक्रय करने के लिये संपर्क करने में लगे हुये है। इसी के चलते संदेह पर आधार पर पुलिस द्वारा नर्मदा प्रसाद पिता चोखे लाल कुशवाहा उम्र 35 साल निवासी ढुरसुरी, नीलेश पिता भगवान प्रसाद चौधरी उम्र 27 साल निवासी बारहा ढाना, शिवम उर्फ गोलू पिता राजेन्द्र कुमार ताम्रकार उम्र 28 साल निवासी वार्ड क्रमांक 2 चीचली यानि की सभी चीचली थाना क्षेत्र के अंतर्गत निवास करने वाले आरोपियों को अपनी हिरासत में लेते हुये जब पूछताछ की गई तो संदेही नर्मदा कुशवाहा ने पूछताछ पर घटना दिनांक को उक्त मोटर साईकिल चोरी कर अपने साथी नीलेश चौधरी के साथ मिलकर मोटरसाईकिल के पार्टस खोलकर चीचली के गोलू ताम्रकार को बेचने की बात स्वीकार की गई। इसी के चलते पुलिस ने मोटर साईकिल चोरी के आरोपी नर्मदा कुशवाहा व नीलेश चौधरी के साथ कबाड के रूप में मोटर साईकिल के पार्टर्स खरीदने वाले आरोपी शिवम ताम्रकार को भी गिरप्तार करते हुये मा. न्यायालय के समक्ष पेश करते हुये रिमार्ड पर लेकर अन्य चोरी की घटनाओं के संबंध में पूछताछ की जा रही है। ज्ञात हो कि इस तरह चीचली क्षेत्र में कबाड़ के कारोबारियों के पास से पहले भी पुलिस द्वारा चोरी की सामग्री खरीदने की सामग्री जप्त करने में सफलता हासिल की जा चुकी है। मगर सच्चाई पर गौर किया जावे तो चीचली पुलिस की उदासीनता का परिणाम है कि इस क्षेत्र में इस तरह बाइक चोरी करने वाला गिरोह सक्रिय रहने के साथ साथ खुलेआम यहां पर कबाड़ियों द्वारा चोरी की सामग्री खरीदते हुये देखे जा रहे है। इस तरह गाडरवारा टीआई विक्रम रजक की टीम द्वारा चीचली क्षेत्र में निवास करने वाले बाइक चोरी करने वाले आरोपियों सहित चोरी का माल खरीदने वाले आरोपी को पकड़ते हुये जहां एक बड़ी सफलता हासिल की गई तो दूसरी ओर चीचली पुलिस की कार्य प्रणाली को उजागर करने में भी कोई कसर नही छोड़ी गई है...?



# नवभारत साक्षरता कार्यक्रम को लेकर आयोजित हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज/चीचली। विकास खंड चीचली के जनशिक्षा केंद्र उत्कृष्ट विद्यालय में बीते हुये दिवस उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम संबंधित समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जन शिक्षा केंद्र प्रभारी प्राचार्य भूपेश ठाकुर ने सामाजिक चेतना केन्द्रों के नोडल प्रधान पाठको को संबोधित करते हुए कहा कि भारत सरकार द्वारा संचालित नवभारत साक्षरता कार्यक्रम (उल्लास) देश को पूर्ण साक्षर बनाने की दिशा में एक सशक्त पहल है। इस कार्यक्रम के माध्यम से 15 वर्ष से अधिक आयु के असाक्षर नागरिकों को पढ़ना-लिखना, अंक-गणित तथा जीवनोपयोगी कौशल सिखाए जा रहे हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य वर्ष 2027 तक मध्यप्रदेश को पूर्ण साक्षर बनाना है। नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत केवल अक्षर ज्ञान ही नहीं, बल्कि जीवन कौशल, डिजिटल साक्षरता, स्वास्थ्य जागरूकता एवं वित्तीय ज्ञान पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। ग्राम स्तर पर साक्षरता केंद्रों का संचालन कर स्वयंसेवकों, शिक्षकों और विद्यार्थियों के सहयोग से कक्षाएँ लगाई जा रही हैं। उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के जनशिक्षा केंद्र के समन्वयक सत्यम ताम्रकार तथा विकास खंड साक्षरता समन्वयक लेखराम गौतम द्वारा बताया गया कि कार्यक्रम के अंतर्गत समय-समय छैमाही अवधि में मूल्यांकन परीक्षाएँ आयोजित की जा रही हैं, जिनमें सफल शिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किए जा रहे हैं। इससे प्रतिभागियों में आत्मविश्वास बढ़ रहा है और वे मुख्यधारा से जुड़ पा रहे हैं। जोसामाजिक बदलाव की दिशा मील का पत्थर साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि नवभारत साक्षरता कार्यक्रम न केवल शिक्षा के क्षेत्र में, बल्कि सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण में भी अहम भूमिका निभा रहा है। साक्षरता से रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं। नवभारत साक्षरता के समन्वयक सत्यम ताम्रकार ने आगामी फरवरी-मार्च में होने वाली असाक्षरों की परीक्षा का केंद्रवार लक्ष्य, सामाजिक चेतना केन्द्रों के नियमित संचालन, मॉनिटरिंग, आदर्श सामाजिक चेतना केंद्र की व्यवस्थाओं, बालपोथी, अक्षर साथियों के कार्य तथा सामाजिक चेतना पंजी के सतत अद्यतन संबंधित बात कही गई।

# पीएमश्री शासकीय कन्या नवीन विद्यालय कैरियर काउंसलिंग का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। नगर के पीएम श्री शासकीय कन्या नवीन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत पांच दिवसीय करियर मेला एवं काउंसलिंग कार्यक्रम विकासखंड शिक्षा अधिकारी सीमा डोंगरे एवं प्राचार्य लेखा कौरव के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस मेले में विकासखंड स्तरीय करियर काउंसलर ऋतुराज कुशवाहा ने विद्यार्थियों को मन के विज्ञान को समझाया और अपने आप को जानने का तरीका बताया जिससे विद्यार्थी अपनी रुचि के अनुसार करियर का चयन



कर सकें। कार्यक्रम में विकासखंड कैरियर काउंसलर चंद्रकांत साहू ने कक्षा 9वी से कक्षा बारहवीं तक विद्यार्थियों को व्यवसायिक शिक्षा में करियर के अवसर के बारे में मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी सीमा डोंगरे द्वारा मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं के बारे में जानकारी दी एवं अपना अनुभव साझा किया। विद्यालय प्राचार्य लेखा कौरव द्वारा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं एवं कैरियर विकल्पों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने विकासखंड से पधारे हुए समस्त अधिकारियों का आभार व्यक्त किया एवं विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का संचालन अमित शुक्ला ने किया कार्यक्रम में समस्त शाला स्टाफ की सहभागिता रही।

# परशुराम कल्याण वोर्ड अध्यक्ष की मौजूदगी में आयोजित हुई धर्म, संस्कृति और संस्कार पर वृहद संगोष्ठी





हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। नगर की एक निजी होटल में म प्र शासन के परशुराम कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष (केबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त) पं विष्णु राजौरिया की अध्यक्षता में एवं नगर के वरिष्ठ समाजसेवी व परशुराम सेना मप्र के जिला अध्यक्ष पं मुकेश बसेडिया के संयोजन में एक वृहद धर्म सभा का आयोजन संपन्न हुआ। बताया जाता है कि इस कार्यक्रम में सर्व प्रथम अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर भगवान परशुराम व माॅ विजयासन का पूजन किया गया। इस अवसर पर राजोरिया ने संस्कार पर जोर देते हुए सामाजिक एकता के साथ यज्ञोपवीत संस्कार पर अपने विचार व्यक्त करते हुये उन्होंने कहा की सभी लोग विप्र समाज के विकास एवं कल्याण के लिए मिल जुलकर कार्य करें। इस आयोजन के मुख्य अतिथि परशुराम सेना म प्र के संरक्षक पं राकेश चतुर्वेदी तथा प्रदेश महामंत्री पं सुनील उपाध्याय ने धर्म, संस्कार व आगामी प्रदेश स्तरीय यज्ञोपवीत संस्कार आयोजन पर प्रकाश डाला। वही इस दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व विधायक श्रीमति साधना स्थापक एवं नरेश पाठक ने अध्यात्म व सामाजिक एकता पर विचार व्यक्त कर बसेडिया के सेवा कार्यो को सराहना प्रशंसाा व्यक्ती की गई। रायसेन परशुराम सेना के जिलाध्यक्ष पं मनमोहन शर्मा, पं राजकुमार अरेले, श्रीमति बसंती पालीवाल, पं. चंद्रकांत चौबे के आलवा भाजपा मंडल अध्यक्ष पं. चंद्रकांत शर्मा, पं राजेंद्र राजोरिया, पं. रामकुमार उपाध्याय मौजूद रहे। इस दौरान बसेड़िया ने बताया कि उपरोक्त संगोष्ठी आगामी फरवरी माह में प्रदेश स्तरीय यज्ञोपवीत संस्कार का आयोजन की जानकारी तथा सर्व धर्म सदभाव ,सामाजिक एकता के लिए आयोजित की गयी है। इस अवसर पर सर्व नागेंद्र त्रिपाठी, पं.अशोक भार्गव, पं.राजीव दुबे, पं. हरीश स्थापक, अनुपम ढिमोले, तेन्दूखेड़ा अध्यक्ष मुकेश बाजपेयी, कुलदीप शर्मा, करेली खण्ड के जिला उपाध्यक्ष भागीरथ तिवारी, नरसिंहपुर प्रभारी नवीन पांडे, चीचली खण्ड अध्यक्ष मनोज शर्मा, सांईखेड़ा खण्ड उपाध्यक्ष राकेश खेमरिया, युवा अध्यक्ष पं विनायक द्विवेदी श्रीमति चाँदनी दीक्षित, मनोज दुबे, संजय शुक्ला, सतीश शुक्ला, जगदीश आचार्य, पँ प्रेम नारायण तिवारी, प्रदीप भटेले सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# पंच कुण्डीय गायत्री यज्ञ का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

नगर के गायत्री परिवार के तत्वावधान में एम पी ई बी कालोनी वासियों द्वारा पंच कुण्डीय गायत्री यज्ञ का आयोजन किया गया। इस दौरान दो दिवसीय आयोजन में प्रथम दिवस देव पूजन आवाहन, तथा शाम को दीपयज्ञ कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कालोनी वासियों ने भाग लिया। वही एक फरवरी को यज्ञीय आयोजन के पूर्णाहुति पर अनेक लोगों द्वारा नशा मुक्ति, दहेज उन्मूलन,जन्म दिवस पर वृक्षारोपण के साथ साधना, स्वाध्याय के संकल्प लिये गये। अंत में परसाद वितरण के साथ टोली की विदाई की गई। तहसील समन्वयक राजेश कुमार कौरव द्वारा बताया





गया कि यज्ञ में मुख्य ट्रस्टी आर पी सिंह, विनोद श्रीवास्तव, सुरेश गुप्ता, राजेन्द्र राय,केशव पचौरी,रतन सिंह राजपूत आदि स्थानीय परिजनों के अलावा जिला समन्वयक अविनाश बेलाकर, प्रज्ञा मंडल आडेगांव खुर्द से गीता प्रसाद कौरव,बगलई से गोपाल कौरव, स्टेशन इमलिया से उमा बहन जी, परिव्राजक मूलचंद पटेल, सियाराम पटेल की उपस्थिति दोनों दिन रही।साथही कालोनी से स्थापक परिवार, शुक्ला परिवार, हेमन्त पटेल, राम गोपाल साहू, सतीश लमानिया, रुसिया जी ने बढ चढकर भाग लिया। यज्ञीय माध्यम से सर्व साधारण को यज्ञीय कार्यक्रम के माध्यम से समाजसेवा, देशसेवा, राष्ट्रसेवा भारतीय संस्कृति के आध्यात्मिक जनजागरण का लाभ प्राप्त हुआ। गायत्री परिवार द्वारा संचालित सप्त सूत्रीय कार्यक्रमो की सर्वत्र सराहना हो रही है।

खबर संक्षेप

## मशरूम उत्पादन एवं उसका महत्व विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

**हरिभुमि न्यूज कोतमा।** शासकीय महाराजा मार्तण्ड महाविद्यालय, कोतमा में पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम सत्र 2025-26 के अंतर्गत इको क्लब द्वारा सतत जीवन शैली कार्यशाला के अंतर्गत कौशल विकास मशरूम की खेती विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कांत मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा कि मशरूम उत्पादन कम लागत में अधिक लाभ देने वाला स्वरोजगार का प्रभावी साधन है। यह युवाओं एवं विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनने की दिशा में महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है। इको क्लब के प्रभारी डॉ. गिरेन्द्र शर्मा ने कार्यशाला के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मशरूम एक अत्यंत पौष्टिक आहार है, जिसमें प्रोटीन, विटामिन एवं खनिज तत्व प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास की दृष्टि से मशरूम उत्पादन एक उपयुक्त एवं लाभकारी आजीविका का साधन है। कार्यशाला में जैतहरी से विषय विशेषज्ञ श्रीमती द्रोपती राठौर ने मशरूम कल्टीवेशन के महत्व, उसके स्वास्थ्य लाभ, आर्थिक संभावनाएँ, विभिन्न प्रजातियाँ तथा विपणन मार्केटिंग की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मशरूम की खेती कम स्थान, कम समय एवं न्यूनतम संसाधनों में की जा सकती है, जिससे ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों में स्वरोजगार के अवसर सृजित होते हैं। विपेंद्र राठौर मनोदीप मशरूम एग्रोटेक द्वारा विद्यार्थियों को प्रायोगिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। उन्होंने कच्चे माल का चयन, बेड निर्माण, स्पॉन डालने की प्रक्रिया, तापमान एवं नमी नियंत्रण, रोग प्रबंधन तथा उत्पादन के बाद की प्रक्रियाओं को प्रत्यक्ष रूप से करके दिखाया। विद्यार्थियों ने प्रशिक्षण सत्र में उत्साहपूर्वक भाग लिया एवं व्यावहारिक प्रश्न पूछे, जिनका समाधान सरल एवं प्रभावी उदाहरणों के माध्यम से किया गया। मुख्य अतिथि ने जानकारी देते हुए कहा कि शासन की विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं के अंतर्गत मशरूम उत्पादन को प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिसका लाभ उठाकर युवा एवं विद्यार्थी आर्थिक रूप से सशक्त बन सकते हैं। मंच संचालन मोहम्मद मोबीन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में इको क्लब के सदस्य डॉ. प्रवीण कुमार यादव, डॉ. राजकुमार रैदास एवं डॉ. शिव कैलाश यादव सहित महाविद्यालय के शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यशाला के अंत में सहभागिता करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए।

## अनूपपुर में बेलगाम ओवरलोडिंग, बढ़ती दुर्घटनाएं और फलता अवैध कारोबार

**हरिभुमि न्यूज बदरा/जमुना।** जिले में यातायात नियमों के पालन और अपराध नियंत्रण को लेकर प्रशासनिक सख्ती के दावे किए जा रहे हैं, लेकिन ज़मीनी हालात इन दावों से मेल नहीं खाते जब से विनोद दुबे की पदस्थापना हुई है, तब से व्यवस्था के ढांचे पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं ओवरलोड वाहन खुलेआम सड़कों पर दौड़ रहे हैं, जांच और निगरानी कमजोर पड़ती दिख रही है, वहीं दुर्घटनाओं की संख्या में चिंताजनक वृद्धि देखी जा रही है। अमरकंटक में हाल ही में हुई दर्दनाक दुर्घटना ने प्रशासनिक दावों की पोल खोल दी प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एक युवक रोड डिवाइडर से टकराने के बाद लंबे समय तक तड़पता रहा, समय पर प्रभावी सहायता और ट्रैफिक प्रबंधन के अभाव में अंततः उसकी मौत हो गई यह घटना न केवल यातायात प्रबंधन की विफलता को दर्शाती है, बल्कि आपातकालीन प्रतिक्रिया तंत्र की भी गंभीर कमजोरी उजागर करती है। कानून-व्यवस्था की स्थिति पर सवाल यहीं समाप्त नहीं होते जैतहरी क्षेत्र में एसटीएफ जबलपुर द्वारा 6 कुंटल गांजा पकड़े जाने की बड़ी कार्रवाई ने स्थानीय स्तर पर निगरानी और खुफिया तंत्र की प्रभावशीलता पर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं ।

# माध्यमिक शिक्षा मंडल परीक्षा 2026 की तैयारी को लेकर कलेक्टर की अध्यक्षता में बैठक, सख्त दिशा-निर्देश जारी

डिंडौरी



माध्यमिक शिक्षा मंडल की वर्ष 2025-26 की कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं के सफल, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर 31 जनवरी 2026 को कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभागार में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में केंद्राध्यक्ष, सहायक केंद्राध्यक्ष, पर्यवेक्षक, कलेक्टर प्रतिनिधि, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्री राजेंद्र कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती सुमन परस्ते, डीपीसी श्रीमती श्वेता अग्रवाल सहित जिले के समस्त प्राचार्य, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

बैठक में कलेक्टर ने परीक्षा की गोपनीयता, पारदर्शिता एवं नकल-मुक्त वातावरण सुनिश्चित करने हेतु विस्तृत निर्देश दिए। उन्होंने सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, बैठक व्यवस्था एवं आवश्यक फर्नीचर की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ-साथ विद्यार्थियों के लिए तनाव-मुक्त वातावरण बनाने पर विशेष जोर दिया। कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों की बेहतर तैयारी हेतु अतिरिक्त कक्षाएं संचालित करने के निर्देश भी दिए गए।प्रश्नपत्रों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कलेक्टर ने निर्देशित किया कि प्रश्नपत्र निर्धारित समय पर ही संबंधित थाना अथवा चौकी से प्राप्त किए जाएं। प्रश्नपत्रों की निकासी केंद्राध्यक्ष अथवा सहायक केंद्राध्यक्ष द्वारा थाना प्रभारी एवं कलेक्टर प्रतिनिधि की उपस्थिति में की जाएगी। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि प्रश्नपत्र परीक्षा तिथि एवं विषयवार समय-सारणी के अनुरूप ही निकाले जाएं।

परीक्षा केंद्रों पर केंद्राध्यक्ष, सहायक केंद्राध्यक्ष, पर्यवेक्षक एवं अन्य परीक्षा कर्मियों द्वारा मोबाइल फोन लाने एवं उपयोग करने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। परीक्षा प्रारंभ होने के दो घंटे पूर्व से परीक्षा समाप्ति तक केंद्र के 100 गज की परिधि में अनधिकृत व्यक्तियों का प्रवेश एवं अवांछनीय गतिविधियों पर रोक रहेगी। विद्यार्थियों की तलाशी शालीनता के साथ ली जाएगी तथा छात्राओं की तलाशी केवल महिला शिक्षिकाओं द्वारा ही की जाएगी।बैठक में जिला स्तरीय कंट्रोल रूम को नियमित रूप से जानकारी उपलब्ध कराने, गोपनीय सामग्री को मंडल के निर्देशानुसार सुरक्षित रखने एवं संबंधित थाना-चौकी में जमा कराने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही परीक्षा कार्य में संलग्न अधिकारियों एवं कर्मचारियों से यह प्रमाण-पत्र लेने के निर्देश भी दिए गए कि उनके परिजन संबंधित परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो रहे हैं। प्रायोगिक परीक्षाओं के लिए बाह्य परीक्षकों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया।वर्ष 2025-26 में कक्षा 10वीं के 9,192 नियमित एवं 594 स्वाध्यायी सहित कुल 9,786 विद्यार्थी पंजीकृत हैं। वहीं कक्षा 12वीं में 6,389 नियमित एवं 1,104 स्वाध्यायी सहित कुल 7,493 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। इस प्रकार जिले में कुल 17,279 परीक्षार्थी बोर्ड परीक्षा देंगे।जिले में कुल 78 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें से 7 केंद्रों को अतिसंवेदनशील घोषित किया गया है। कक्षा 10वीं के लिए 78 एवं कक्षा 12वीं के लिए 65 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं।बैठक के अंत में कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों से आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए बोर्ड परीक्षाओं को शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं नकल-मुक्त वातावरण में संपन्न कराने की अपील की।



## संत रविदास जयंती पर ग्राम सूरजपुरा में हुआ आयोजन

**शहपुरा –** जिले के शहपुरा क्षेत्र ग्राम सूरजपुरा में महान समाज सुधारक संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बहुजन समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रताप सिंह आर्मो उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान संत रविदास जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वक्ताओं ने संत रविदास जी के जीवन, उनके सामाजिक समरसता, समानता और भाईचारे के संदेशों पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि प्रताप सिंह आर्मो ने अपने संबोधन में कहा कि संत रविदास जी ने समाज को भेदभाव से मुक्त होकर समानता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। उनके विचार आज भी समाज के लिए प्रासंगिक हैं और युवाओं को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समस्त ग्रामवासी, जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। आयोजन शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

## शासकीय भूमि पर अतिक्रमण, पंचायत कार्यालय तक पहुंचना हुआ मुश्किल



**अमरपुर।** जनपद पंचायत अमरपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायत खरगहना मय बसनिंया जिस ग्राम पंचायत में तीन गांव सम्मिलित हैं। परंतु पंचायत मुख्यालय में पहुंचने पर कार्यालय में पहुंचने के लिए रास्ता ढूंढना पड़ता हैं। पंचायत भवन के बगल में आंगनबाड़ी भवन भी निर्मित हैं। बताया गया कि उक्त आंगनबाड़ी में 25 बच्चे दर्ज हैं। परंतु वहां तक पहुंचाने के लिए लगभग 2 फुट चौड़ा रास्ता ही हैं। जबकि सामने शासकीय भूमि उपलब्ध हैं। जहां अतिक्रमण होने की वजह से आवागवन में आम जनता को परेशानी तो होती ही हैं। परंतु आंगनबाड़ी के नौनिहाल बच्चों को आने जाने में सबसे ज्यादा परेशानियों का समना करना पड़ रहा हैं। साथ ही आंगनबाड़ी भवन के अंदर प्रतिदिन कैदी की तरह बैठना मजबूरी बन कर रह गया हैं। इसके साथ ही सामने बच्चों के खेलने तक की जगह नहीं बची हैं। इसी तरह ग्राम पंचायत के पदाधिकारी एवं कर्मचारी भी कमरे के अंदर ही बैठकर रह जाते हैं। पंचायत भवन तक दोपहिया वाहन (बाइक) भी नहीं पहुंच पाती हैं। जिससे आम जनता को भी अपनी दोपहिया वाहन दूर सड़क किनारे ही छोड़कर पंचायत भवन तक पहुंचना पड़ता हैं। पंचायत पदाधिकारी भी गांव में विरोध नहीं करना चाहते और संकोचवश कैदखाने में ही अपने दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं।

## डॉ गीता सिंह को उत्कृष्ट वैज्ञानिक सम्मान

**डिंडोरी-** जवाहरलाल नेहरू कृषि कृषि विज्ञान केंद्र डिंडोरी में वैज्ञानिक पद पर पदस्थ डॉ गीता सिंह को इंडियन सोसाइटी ऑफ एक्सटेंशन एजुकेशन, नई दिल्ली द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार 2026 में बेस्ट केवीके साइंटिस्ट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि इंडियन सोसाइटी ऑफ एक्सटेंशन एजुकेशन, नई दिल्ली द्वारा मीरामार गोवा में तीन दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार "डिजिटल टेक्नोलॉजिस फॉर सस्टेनेबल फूड सिस्टम एंड आत्मनिर्भर भारत" पर दिनांक 29 से 31 जनवरी 2026 के दौरान किया गया था। जिसमें 23 राज्यों के 150 से अधिक कृषि वैज्ञानिक एवं शोधार्थी सम्मिलित हुए एवं कृषि क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यों एवं शोध का प्रस्तुतिकरण किया गया। सेमिनार में विभिन्न राज्यों से उत्तम कार्य करने वाले कृषि वैज्ञानिकों को पुरस्कृत किया गया। उल्लेखनीय है कि कृषि विज्ञान केंद्र डिंडोरी की कृषि विस्तार वैज्ञानिक डॉ गीता सिंह को उत्कृष्ट वैज्ञानिक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। डॉ गीता सिंह को यह पुरस्कार गहन , उद्देयपरख मूल्यांकन एवं स्कोरिंग प्रक्रिया के पश्चात सोसाइटी पुरस्कार कमेटी द्वारा सुनिश्चित हुआ। डॉ गीता सिंह द्वारा कृषकों में मज़बूत सूचना तंत्र स्थापित करने, उन्नत कृषि तकनीकी के प्रसार, प्राकृतिक खेती के विस्तार एवं अन्य कृषक हितैषी योजनाओं हेतु जागरूकता गतिविधियों के क्रियान्वयन एवं संचालन हेतु प्रदान किया गया। आपके द्वारा लिखित शोध पत्र नास रेटेड रिसर्च जर्नल में 11, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय रिसर्च जर्नल में 18 शोध पत्र साथ ही 4 प्रोसिडिंग पत्र प्रकाशित हो चुके हैं। इसके अतिरिक्त 45 रिसर्च सारांश, 300 से अधिक कृषि आलेख, 12 तकनीकी बुलेटिन, 10 प्रशिक्षण बुकलेट, 2 कृषि पुस्तकें, 8 बुक चैप्टर प्रकाशित किए जा चुके हैं। डिंडोरी से प्रकाशित त्रैमासिक कृषि पत्रिका के सफलतम 18 वर्षों में 74 अंकों के प्रकाशन की महत्वपूर्ण उपलब्धि इस दिशा में मील का पत्थर साबित हुई है। विभिन्न मंचों पर 200 से अधिक व्याख्यान , कई आकाशवाणी एवं दूरदर्शन वार्ताएं दी जा चुकी हैं। यह सम्मान पुरस्कार उन्हें भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के वरिष्ठ जनों एवं सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ यू एस गौतम के कर कमलों द्वारा प्रदान किया गया।



## भागवत महापुराण कथा श्रवण करने उमड़ रही भक्तजनों की भीड़

अमरपुर।

जनपद पंचायत अमरपुर क्षेत्रातंर्गत ग्राम पंचायत बिलासर के लमरी टोला में विगत दिवस से भागवत महापुराण कथा का आयोजन किया गया हैं। भागवत महापुराण कथा का वाचन पं. अनिल रूद्र महाराज के मुखारविंद से सुनाई जा रही हैं। भागवत महापुराण कथा श्रवण करने के लिए ग्रामवासियों के अलावा आस पास गांवों के भक्तजन भारी संख्या में पहुंच कर कथा श्रवण कर धर्म लाभ अर्जित कर रहे हैं।

भगवत महापुराण कथा दोपहर 12 बजे से प्रारम्भ कर शाम 5 बजे तक सुनाई जा रही हैं। वहीं आगामी 5 फरवरी को पूर्ण आहूति पश्चात विसर्जन एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जाना हैं। भागवत महापुराण कथा आयोजक राज कुमार तेकाम एवं शम्भू सिंह तेकाम के परिवार द्वारा आयोजित किया गया हैं। भागवत महापुराण कथा के दूसरे दिन श्री शुकदेव जी का आगमन महाराज श्रीपरीक्षित को दिव्य उपदेश एवं ध्यान विधि की कथा बताया गया। आयोजकों द्वारा श्रद्धालु भक्तजनों से भगवत महापुराण कथा श्रवण कर धर्म लाभ उठाने की अपील की गई हैं।



## शहपुरा पुलिस ने मानिकपुर साप्ताहिक बाजार में लगाई चौपाल हेलमेट उपयोग के बताए फायदे



**शहपुरा-** पुलिस थाना शहपुरा अंतर्गत ग्राम मानिकपुर के साप्ताहिक बाजार में शहपुरा पुलिस द्वारा जनजागरूकता चौपाल का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक डिंडोरी वाहिनी सिंह एवं एसडीओपी शहपुरा श्री अमित तिवारी के निर्देशन तथा थाना प्रभारी श्री अनुराग जामदार के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। चौपाल में एएसआई विपिन जोशी ने उपस्थित ग्रामीणों एवं बाजार में आए लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी देते हुए दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि हेलमेट का उपयोग दुर्घटना के समय सिर की गंभीर चोट से बचाता है और जीवन रक्षा में अहम भूमिका निभाता है। इस दौरान राहवीर योजना की जानकारी देते हुए बताया गया कि यदि कोई व्यक्ति सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मदद कर उसे समय पर अस्पताल पहुंचाता है, तो शासन द्वारा उसे 25 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दिए जाने का प्रावधान है। चौपाल के माध्यम से पुलिस की अन्य जनहितकारी योजनाओं की भी जानकारी दी गई तथा लोगों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई।

## गुरैया माध्यमिक शाला के प्रधानाध्यापक रमेश अग्रवाल हुए सेवानिवृत्त

### स्टाफ ने माला पहनाकर किया सम्मान, की गई भावभीनी विदाई



**शहपुरा –** गुरैया माध्यमिक शाला में पदस्थ प्रधानाध्यापक रमेश अग्रवाल के सेवानिवृत्त होने पर विद्यालय परिसर में एक गरिमामय विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने उनके शैक्षणिक योगदान को स्मरण करते हुए माला पहनाकर सम्मान किया।समारोह के दौरान उन्हें भावभीनी विदाई दी गई, जिससे वातावरण भावुक हो गया। स्टाफ सदस्यों ने अपने उद्बोधन में कहा कि रमेश अग्रवाल का कार्यकाल अनुशासन, शैक्षणिक गुणवत्ता और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव स्मरणीय रहेगा।विद्यालय परिवार ने उनके उज्ज्वल भविष्य, स्वस्थ एवं सुखमय जीवन की कामना करते हुए उन्हें ससम्मान विदाई दी। समारोह में शिक्षकगण, कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## अमरपुर मड़ई मेला आज, तैयारियां पूरी



**अमरपुर।** जनपद पंचायत मुख्यालय अमरपुर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी ग्राम पंचायत अमरपुर द्वारा 2 फरवरी से 3 फरवरी तक दो दिवसीय मड़ई मेला का आयोजन किया गया हैं। जिसमें व्यापारियों द्वारा अनेक प्रकार के मिष्ठान, बर्तन, कपड़े, घरेलू दैनिक उपयोग की सामग्री, खेल खिलौने आदि की आकर्षक दुकानें सजाई गई हैं। साथ ही लोगों के मनोरंजन के लिए आकर्षण झूले सहित विभिन्न प्रकार के खेल तमाशे की व्यवस्था की गई हैं। आयोजित होने वाले इस दो दिवसीय मड़ई के लिए ग्राम पंचायत द्वारा पूरी व्यवस्था कर ली गई हैं। इसके साथ ही पुलिस प्रशासन द्वारा भी पूरी चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था की गई हैं।

## शहपुरा में कांग्रेस की सियासतः विपक्ष की भूमिका पर सवाल या 'बड़े समझौते' के संकेत?

शहपुरा ।

जिला डिंडोरी की शहपुरा विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस संगठन इन दिनों गंभीर अंतर्विरोधों के दौर से गुजरता नजर आ रहा है। पार्टी के भीतर उठ रही असहमतियों और विरोधाभासी निर्देशों ने स्थानीय राजनीति में हलचल पैदा कर दी है। स्वतंत्र राजनीतिक विश्लेषण और पार्टी से जुड़े सूत्रों के अनुसार, कांग्रेस के एक प्रभावशाली नेता द्वारा कार्यकर्ताओं को भाजपा के खिलाफ किसी भी प्रकार के आंदोलन, प्रदर्शन अथवा सार्वजनिक वक्तव्य से दूर रहने के निर्देश दिए जा रहे हैं।पूर्व प्रवक्ता रघुनंदन पांडे ने इस संबंध में खुलकर आरोप लगाते हुए कहा है कि उन्हें मंच से भाजपा के खिलाफ बोलने से स्पष्ट रूप से रोका गया। उनके इस बयान की पुष्टि करते हुए कांग्रेस के दो अन्य नेताओं ने—नाम न प्रकाशित करने की शर्त पर—यह स्वीकार किया कि उन्हें भी भाजपा सरकार के खिलाफ सार्वजनिक रूप से बोलने से मना किया गया है।सूत्रों के अनुसार, ऐसे निर्देश पार्टी के आंतरिक व्हाट्सऐप समूहों और बैठकों के माध्यम से लगातार दिए जा रहे हैं। इससे संगठन के भीतर असंतोष गहराता जा रहा है और कार्यकर्ताओं के बीच विद्रोह जैसी स्थिति बनती दिखाई दे रही है।

### भाजपा के खिलाफ चुप्पी क्यों?

स्थानीय कार्यकर्ताओं का कहना है कि खाद की किल्लत, कथित भ्रष्टाचार, प्रशासनिक विफलताओं और जनहित से जुड़े मुद्दों पर जब भी भाजपा सरकार के खिलाफ आंदोलन का प्रस्ताव रखा जाता है, तो नेतृत्व स्तर से साफ संदेश मिल जाता है कि कोई आंदोलन नहीं होगा।विपक्ष की भूमिका में रहते हुए इस तरह की चुप्पी को लेकर कार्यकर्ताओं के बीच असमंजस की स्थिति है। सवाल उठ रहे हैं कि यह कोई सोची-समझी रणनीति है या फिर किसी कथित गुप्त समझौते का संकेत।

### पांच वर्षों से ठप संगठनात्मक गतिविधियां

शहपुरा क्षेत्र में कांग्रेस की संगठनात्मक सक्रियता पिछले लगभग पांच वर्षों से ठहरी हुई बताई जा रही है। पार्टी के पुराने कार्यकर्ताओं का कहना है कि जिस क्षेत्र से कांग्रेस की राजनीति की नींव पड़ी, वहीं उसके संस्थापक परिवार को संगठन से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया।कार्यकर्ताओं का आरोप है कि जो नेता सवाल उठाते थे और जुझारू भूमिका में थे, उन्हें जानबूझकर हाशिये पर डाल दिया गया, ताकि तथाकथित 'सेटिंग की राजनीति' में कोई बाधा न आए।पार्टी से जुड़े सूत्रों का कहना है कि वर्तमान शीर्ष नेतृत्व संगठन को मजबूत करने के बजाय व्यक्तिगत राजनीतिक हितों को प्राथमिकता दे रहा है। इसी राजनीतिक शून्य का लाभ उठाकर क्षेत्र में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी का प्रभाव लगातार बढ़ता जा रहा है, जो कांग्रेस के पारंपरिक वोट आधार के लिए चुनौती बनता दिख रहा है।

### अंतर्कलह और चुनावी पराजय की पृष्ठभूमि

पार्टी दस्तावेजों और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के अनुसार, वर्ष 2018 की अल्पकालिक सत्ता के दौरान निर्वाचित जनप्रतिनिधियों और संगठन के बीच समन्वय का गंभीर अभाव रहा।2019-20 में नगर परिषद अध्यक्ष राजेश गुप्ता का निष्कासन और वरिष्ठ कार्यकर्ता मुस्ताक खान के साथ कथित अपमानजनक व्यवहार ने संगठन को और कमजोर किया। इसका प्रत्यक्ष प्रभाव 2023 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की करारी हार के रूप में सामने आया।

### कार्यकर्ताओं के सीधे सवाल

कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच अब नेतृत्व को लेकर खुले सवाल उठने लगे हैं। भाजपा के खिलाफ आंदोलन न करने और मंच से बोलने पर रोक लगाने का अधिकार किसने दिया? जिस परिवार ने कांग्रेस की नींव रखी, उसे बाहर कर संगठनात्मक मजबूती की बात कैसे की जा सकती है?शहपुरा में कांग्रेस आज बाहरी विरोध से अधिक आंतरिक फैसलों और अंतर्कलह से जूझती दिखाई दे रही है। यदि कार्यकर्ताओं को संघर्ष की स्वतंत्रता और संगठनात्मक सहभागिता नहीं मिली, तो आने वाले चुनावों में कांग्रेस के लिए शहपुरा की राजनीतिक राह और अधिक कठिन हो सकती है।

## खबर संक्षेप

### धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस नरसिंह पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल का वार्षिकोत्सव, नन्हे कदम सपनों की पहली उड़ान विद्यालय प्रांगण मे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कैलाश सोनी पूर्व राज्यसभा सांसद, अध्यक्ष नीरज महाराज नगर पालिका अध्यक्ष, श्रीमती मंजू राव संचालक राव रुक्मिणी देवी पब्लिक स्कूल का भी स्वागत किया गया। स्कूल के संरक्षक श्री के .एम. एस. ठाकुर की उपस्थिति मे किया गया। कार्यक्रम में छात्र छोटे-छोटे नन्हे छात्र एवं छात्राओं द्वारा भारतीय संस्कृति से ओतप्रोत प्रस्तुति दी गई। जिसे देख समस्त अभिभावक मन विभोर हो गए। कार्यक्रम में नन्हे नोनीहाल द्वारा पंजाबी, राजस्थानी ,साउथ इंडियन समस्त प्रकार के नृत्य प्रस्तुत किया गए। साथ में ड्रामा प्रस्तुत किया गया सिंदूर जिसे देख समस्त अभिभावकों भावुक हो गए। कार्यक्रम में स्कूल के संचालक तरुणेन्द्र सिंह ठाकुर, वरुणेंद्र सिंह ठाकुर प्राचार्य, श्रीमती भारती ठाकुर, शिक्षक अरुण राजपूत, दीपा नेमा, शीतल पटेल ,रोशनी विश्वकर्मा पूजा लूथरिया आदि उपस्थित रहे।

### प्रेक्षक श्री सिंह का आगमन आज

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के अंतर्गत भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी श्री मनीष सिंह को सिवनी जिले के लिए प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। प्रेक्षक श्री मनीष सिंह का सोमवार को सिवनी जिले में आगमन प्रस्तावित है। इस दौरान वे फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण से संबंधित कार्यों की समीक्षा करेंगे तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करेंगे।

### भोमा में होगा हिंदू सम्मेलन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** हिंदवा सोदराःसर्वे,ना हिंदू पतितो भावेत,की भावना को लेकर सनातन हिंदू धर्म की गरिमा और सांस्कृतिक विरासत का गौरव तथा हिंदू समाज के समक्ष उपस्थित चुनौतियों से समाज को जागरण कराने के उद्देश्य से ग्राम भोमा में विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन राधा कृष्ण मंदिर, इंदिरा चौक सभा मंच में दोपहर 1:00 बजे से किया जा रहा है। इस हिंदू सम्मेलन में अनंत श्री विभूषित पूज्यपाद जगत गुरु संत प्रज्ञानंद जी महाराज का आशीर्वचन एवं सानिध्य प्राप्त होगा साथ ही ब्रह्म कुमारी राज योगिनी गीता दीदी का मार्गदर्शन भी प्राप्त होगा । विशाल हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति भोमा द्वारा इस कार्यक्रम की तैयारी जोर-शोर से की जा रही है।




## केन्द्रीय बजट का देखा व सुना गया लाइव प्रसारण कार्यक्रम

# सर्वहारा वर्ग के लिए लाभदायक बजटः रामस्नेही

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** रविवार को सरकार द्वारा पेश किए गए बजट को लेकर लोगों द्वारा अलग - अलग वर्ग से टिप्पणी की जा रही है वही जिला भाजपा द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर लाइव प्रसारण कार्यक्रम देखा व सुना गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने हेतु वित्त वर्ष 2026 - 27 का केन्द्रीय बजट वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत किया गया जिसे भारतीय जनता पार्टी जिला संगठन द्वारा स्थानीय गुदरी बाजार में सुनने एवं देखने हेतु लाइव कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी, पूर्व राज्य मंत्री जालम सिंह पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष पं.रामस्नेही पाठक, न.पा.अध्यक्ष नीरज महाराज प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। सभी के द्वारा प्रस्तुत बजट का श्रवण किया। उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी अभिनव शर्मा न दी।

### जनहितैषी है बजटः कैलाश सोनी



बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी ने कहा कि यह बजट विकसित भारत के बजट को साकार करने की दिशा में दूरदर्शी, समावेशी एवं जनहितैषी है इस बजट में युवा किसान महिला गरीब और मध्यम वर्ग का ध्यान रखते हुए नए अवसर सृजित किये गए है जो आत्मनिर्भर भारत की नींव को मजबूत करेंगे। टैक्स पेयरो को राहत देते हुए टैक्स के प्रकरणो को आपराधिक प्रकरण के स्थान पर सिविल प्रकरण में बदला जाएगा साथ ही वे पेनाल्टी भरकर प्रकरण से मुक्त हो सकते है।

### देश हित में है बजटः जालम सिंह



पूर्व राज्य मंत्री जालम सिंह पटेल ने कहा कि केंद्रीय बजट देश के आधुनिक इन्फास्ट्रक्चर को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है इस बजट में हाई स्पीड रेल कॉरिडोर, जलमार्ग विकास, पर्यटन, खेल, आयुष, मेडिकल, टूरिज्म, एम.एस.एम.ई कार्बन कैप्चर, इन्फास्ट्रक्चर एवं रोजगार से जुड़े मुद्दों का प्रावधान कर देश के दीर्घकालीन विकास की रणनीति को मजबूत किया है। मोदी जी के नेतृत्व में इस बजट में उन सभी मुद्दों का ध्यान रखा गया है जो भारत को विश्व के मानचित्र पर अग्रणी बनाते है। उन्होंने सभी कार्यकर्ता से आग्रह करते हुए कहा कि बजट की सभी जनहितैषी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाएं।

### सर्वहितैषी है बजटः रामस्नेही

भाजपा जिलाध्यक्ष रामस्नेही पाठक ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह बजट सर्वस्पर्शी, सर्वसमावेशी व सर्वहारा है। बजट में सर्वहारा वर्ग के विकास को ध्यान में रखते हुए आत्मनिर्भर विकसित भारत 2047 के संकल्प को पूर्ण करने हेतु बजट में प्रबंध किया गया है। यह लोकहितैषी बजट गरीब, किसान, महिला, युवा को सशक्त करने के साथ ही भारत को वैश्विक स्तर पर विकास में अग्रणी बनायगा। यह बजट आने वाले 10 वर्षो में भारत को किस दिशा में आगे बढ़ना है उसे तय करने वाला बजट है। मध्यम वर्ग को राहत देते हुए किसी भी प्रकार के नए कर का रोपण नही किया गया है। साथ ही कर प्रक्रिया को 1 अप्रैल से आसान एवं डिजिटल करने की व्यवस्था की गई है। यह बजट निश्चित रूप से श्री मोदी के संकल्प सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास व सबका विश्वास की परिकल्पना को पूर्ण करता है।



### कही लाभ तो कही हानिः मयंक मनोहर

सरकार द्वारा पेश किए गए वजट के संबंध मे व्यवसायी मयंक मनोहर साहू से की गई चर्चा मे उनके द्वारा बताया गया कि वजट मे कुछ फायदे होगे तथा कुछ हानि भी हो सकती है यदि कहा जाए कि वजट सर्वहारा वर्ग के लिए पूरी तरह लाभदायक सिद्ध नही हो सकता। वजट मे तंबाकू उत्पादो पर दस प्रतिशत कर कम कि गया है परन्तु उत्पादन व निर्माण मे छूट नही है कच्चा माल मे विनिमय परिवर्तित नही होगा जिससे व्यवसाय हतोसाहित होगा और उसका प्रभाव काम करने वाले मजदूरा पर पड़ सकता है। उनकी अजीविका का संकट उत्पन्न हो सकता है। तैयार किए गए माल पर कर घटया गया है जिससे बीड़ी के व्यापार पर असर पड़ेगा। बजट के संबंध मे गृहणी श्रीमती माधवी पचौरी से की गई चर्चा मे उनके द्वारा बताया गया कि मोदी सरकार हमेशा महिलाओं के लिए विशेष योजनाएं लेकर आई है और इस बजट में भी महिलाओं पर खास फोकस किया गया है कुल मिलाकर यह बजट अर्थव्यवस्था को बूस्ट करने वाला है नये उद्योग व नये उपनिवेश मे ही फायदा नजर आ रहा है।





**श्रीमती माधवी पचौरी , गृहिणी**

### मेडिसिन और हेल्थ सेक्टर को प्राथमिकता



बजट को लेकर श्रीमती खुशबू पचौरी द्वारा बताया गया कि बजट सरकार द्वारा नये आयामों को स्थापित करने, उच्च वर्ग को अधिक लाभ देने जैसा प्रतीत होता है, मेडिसिन और हेल्थ सेक्टर को प्राथमिकता दी गइ है. बजट मध्यम वर्ग और आम लोगों के लिए पीसफुल बजट है बजट में युवाओं की जरूरतों को समझा गया है। गृहणी की अपेक्षा नये दंपत्तियों के हित का बजट है।

**श्रीमती खुशबू पचौरी**
**समाजसेविका**

### सौरभ करणी सेना करणी सेना के नगर अध्यक्ष नियुक्त

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** विगत दिवस करणी सेना द्वारा जिला बैठक का आयोजन कर समाज के विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान जिला इकाई द्वारा संगठन का विस्तार करते हुए सौरभ प्रताप सिंह राठौर को राजपूत करणी सेना नगर अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। संगठन द्वारा जनहित ओर सामाजिक हित में सदैव अग्रणी रहेंगे। उनकी इस नियुक्ति पर शुभचिंतकों द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित की गई।



## खाद वितरण हेतु ई-टोकन प्रणाली लागू

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** किसानों की सुविधा के लिए उर्वरक वितरण ई-विकास प्रणाली लागू की गई है। इस नई व्यवस्था से अब किसानों को खाद (उर्वरक) प्राप्त करने के लिए लंबी कतारों में नहीं लगना होगा और मोबाईल व कियोस्क सेंटर के माध्यम से वे अपना ई-टोकन प्राप्त कर सकेंगे। ई-विकास प्रणाली में ई-टोकन प्राप्त करने के लिए किसान ई-विकास प्रणाली पोर्टल पर अपने आधार नंबर और मोबाइल ओटीपी के माध्यम से लॉगिन कर पंजीकरण कर सकते हैं। पंजीयन होते ही पोर्टल में स्वतः ही किसान की भूमि की जानकारी प्रदर्शित हो जायेगी। किसानों को प्रदर्शित भूमि की जानकारी के अनुसार खसरा अनुसार बोई गई फसलों की जानकारी स्वयं ही दर्ज करनी होगी। भूमि के रकबे एवं दर्ज की गई फसल की जानकारी के आधार पर पोर्टल स्वतः ही वैज्ञानिक अनुशंसा अनुसार उर्वरक की गणना कर किसान को आवश्यक कुल उर्वरक की मात्रा प्रदर्शित हो जायेगी। प्रदर्शित उर्वरक की मात्रा अनुसार किसान अपनी सुविधा अनुसार नजदीकी खाद विक्रय केंद्र (जिला विपणन केन्द्र, मार्केटिंग सोसाइटी, सहकारी समितियों, एमपी एग्रो या निजी विक्रेता) का चयन कर डिजिटल ई-टोकन जनरेट कर सकेंगे। किसान यह भी चयन करेंगे कि वे सहकारी समिति के सदस्य है कि नहीं। यदि वे सहकारी समिति के सदस्य है तो वे सहकारी समितियों का विकल्प चयन कर ई-टोकन प्राप्त कर सकेगें। जबकि, सहकारी समिति के सदस्य न होने की दशा में नहीं का चयन कर अन्य नगद उर्वरक विक्रेताओं (जिला विपणन केन्द्र, मार्केटिंग सोसाइटी, एमपी एग्रो या निजी विक्रेता) का चयन कर ई-टोकन जनरेट कर सकेगें। ई-टोकन जनरेट होने के बाद किसान को निर्धारित तिथि से 3 दिन (अवकाश दिवसों को छोड़कर) के भीतर खाद उठाना अनिवार्य है। 3 दिन उपरांत खाद न लेने पर ई-टोकन स्वतः निरस्त हो जाएगा एवं किसान पुनः ई-टोकन जनरेट कर खाद प्राप्त कर सकेगें। पात्रता अनुसार एक किसान एक माह में अधिकतम 50 बोरी उर्वरक प्राप्त कर सकता है। दोबारा खाद की आवश्यकता होने पर 30 दिन के अंतराल के बाद ही अगला टोकन बुक किया जा सकेगा। जिन किसानों (ट्रस्ट, पट्टा या सिकमी एवं अन्य) पंजीकरण करने के बाद भी भूमि की जानकारी का डेटा पोर्टल पर नहीं दिख रहा है, वे कृषक पोर्टल पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से अपनी खसरा अनुसार जानकारी दर्ज करेगें। इसका सत्यापन संबंधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व (एसडीएम) द्वारा किया जावेगा। तत्पश्चात कृषक अपना टोकन जनरेट कर सकेगें। उप संचालक कृषि ने बताया कि ई-विकास प्रणाली से खाद की कालाबाजारी और बिचौलियों की भूमिका पूरी तरह समाप्त होगी। रीयल-टाइम डेटा के माध्यम से उर्वरक की मांग और आपूर्ति पर सटीक नियंत्रण रखने में मदद मिलेगी।

## रासेयो शिविर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित



**हरिभूमि न्यूज नरसिंहपुर।** राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम समन्वय जबलपुर एवं जिला संगठक नरसिंहपुर के मार्गदर्शन में शासकीय कृषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरहटा की राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय शिविर ग्राम खापा में संचालित है इसके तहत स्वयं सेवकों ने ग्राम में नारा लेखन एवं सर्वे का कार्य किया तत्पश्चात मध्यान में बौद्धिक परिचर्चा के तहत मतदाता जागरूकता एवं नशा मुक्ति पर परिचर्चा आयोजित की गई इसमें प्राचार्य एवं कार्यक्रम अधिकारी शैलेन्द्र बक्शी, प्रशांत कुमार विजय पटेल दिलीप ठाकुर पूर्व सरपंच नंदराम ठाकुर ने विचार व्यक्त किए एवं बच्चों के द्वारा समूह गान और नशा मुक्ति गीत प्रस्तुत किया कार्यक्रम की शुरुआत लक्ष्य एवं स्वामी विवेकानंद की तैलचित्र का पूजन के साथ हुआ लक्ष्य गीत का गायन प्रतीक नेमा एवं इरफान खान ने किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से धर्मेश ठाकुर, किशनलाल ठाकुर, रुद्र राजपूत ,विजय पटेल, आकाश रंगारे, महेश कहर, प्रशांत नामदेव की सक्रिय भूमिका निभाई।



## माघ पूर्णिमा पर नर्मदा में श्रद्धालुओं ने किया स्नान

**तेंदूखेड़ा** रविवार को पुण्य सलिला मां नर्मदा के पावन तटों पर स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की विशेष भीड़ रही।यह महीना पवित्र नदियों संगम में स्नान की दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण माना जाता है इसलिए तेंदूखेड़ा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ककरा घाट बिल्थारी करोंदी बारह सिमरिया शोकलपुर घाटों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए नर्मदा में डुबकी लगाई पूजन-अर्चन किया।

### सेवानिवृत्त हुए कृषि विकास अधिकारी समारोह पूर्वक दी गई विदाई




**तेंदूखेड़ा** जबलपुर कृषि विश्वविद्यालय से अध्ययन के उपरांत जबलपुर जिले के कुंडम विकास खंड से वर्ष 1990 में कृषि विकास अधिकारी के रुप में अपनी शासकीय सेवा में आये बी एम साहू की सेवाएं पूर्ण हो जाने पर उन्हें चांवरपाठा विकास खंड मुख्यालय पर कृषि विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ साथ क्षेत्रीय और स्थानीय गणमान्य नागरिकों सेवाभावी संस्थाओं के द्वारा शाल श्री फल स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए सम्मानित कर उज्जवल भविष्य की कामनाएं की गई। जबलपुर नरसिंहपुर जिले में अपने 36 वर्ष सेवावधि के दौरान उपसंचालक कृषि कृषि समीति के अध्यक्ष पद पर रहते हुए निर्विवाद रूप से वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी के रुप में क्षेत्रीय किसानों के हितों को लेकर सजग रहने वाले बी एम साहू के व्यवहारिक जीवन और कार्यशैली की उपस्थित सभी अधिकारियों कर्मचारियों और समाजसेवियों द्वारा प्रशंसा की गई तथा शासकीय सेवामुक्त हो रहे बी एम साहू ने अपने अनुभवों को उजागर करते हुए स्पष्ट किया कि व्यक्ति के कर्तव्यों में सजगता ईमानदारी और व्यवहारों में शालीनता ही व्यक्ति को ऊपर लेकर जाता है और वह निर्विवाद हो जाता है।

# आधी अधूरी जानकारी लेकर पहुंचे अधिकारियों को किसानों ने वापिस लौटाया

### 12 वें दिन भी जारी रहा किसानों का धरना प्रदर्शन

**तेंदूखेड़ा।** इन दिनों राष्ट्रीय किसान मजदूर संघ का अपनी विभिन्न मांगों को लेकर विगत 21 जनवरी से धरना प्रदर्शन जारी है।30 जनवरी को जरुर किसान महापंचायत के दौरान अधिकारियों के उपेक्षित नजरिए को लेकर किसान आवेषित हो गये थे और राष्ट्रीय राजमार्ग पर धरना प्रदर्शन करने लगे थे। वहीं शासन प्रशासन को सद्बुद्धि हेतु गायत्री महायज्ञ भी शुरू कर दिया था।जैसे तैसे किसानों को यह भरोसा दिलाया गया था कि परियोजना से जुड़े अधिकारियों को भेजकर आपसी सामाजस्य पूर्ण स्तिथि बनाते हुए समस्याओं का निराकरण कर लिया जाएगा लेकिन शनिवार को परियोजना से जुड़े एस डी ओ और राजस्व विभाग के कुछ अधिकारी धरना स्थल पर पहुंचे थे लेकिन उनके पास कोई उचित जानकारी ना होने के कारण किसान संघ के सदस्यों ने उन्हें बैरंग वापस लौटा दिया था। किसानों ने हमारे प्रतिनिधि को बताया कि परियोजना से अधिकारियों द्वारा आंशिक जानकारी प्रस्तुत की गई थी जिसे किसानों ने अस्वीकार करते हुए परियोजना में शामिल एवं वंचित गांवों के नक्शे सहित विस्तृत एवं पारदर्शी जानकारी की मांगी है। इस पर संबंधित अधिकारियों ने शीघ्र ही परियोजना के उच्च एवं प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में किसानों के साथ बैठक कर सम्पूर्ण जानकारी साझा करने का आश्वासन दिया। रविवार को धरना स्थल पर ग्राम ब्रम्हनी खकरैडी मदनपुर तेंदूखेड़ा सागौनी के किसान धरनें पर बैठे।




### इन गांवों को शामिल किया जाये

राष्ट्रीय किसान मजदूर संघ के किसानों ने स्पष्ट किया है कि उक्त गांवों में पानी की गंभीर स्थिति बनी हुई है चिनकी बोरास बैराज परियोजना में उक्त समस्या ग्रस्त 57 गांवों को शुरुआत में ही शामिल किए जाने की बात अधिकारियों से पूर्व में ही कही गई थी लेकिन ऐसा नहीं हुआ।अब किसानों ने स्पष्ट किया है कि पहले इन गांवों को शामिल किया जाये जिसकी लिखित में नक्शा सहित समय सीमा सहित पूरी जानकारी किसानों को दी जाये।विजौरा खैरी चौकी मेंहगवां जगन्नाथपुर गुंदरई आंवरिया चरगुंवा मानकपुर बांसखेडा जूड़ा पीपरवानी पान कुकवारा जुझारी घुघरी सिंगोटा हथनी खैरी कला गुटोरी इमुलिया खकरेडी ब्रम्हनी महुआखेडा पीपरवानी ढिलवार मदनपुर बरेली भौरपानी जामनपानी मर्रावन वीरा मौजा बडिया छीतापार आलनपुर बूढा भौरा जैतपुर देवरी सर्रा खेरुआ इमझिरा सिमरिया पडरिया बिलहेरा बरकुंडा विजुआ खैरी टेकापार मेंहदा जमुनिया सुनहैटी उमरपानी खुमेरखेडा बंधा नौरंगपुर सूखा ढिगसरा टेकापार मदनपुर गांव प्रमुख रुप से शामिल हैं।